नए सत्र से शुरू होगा प्रौद्योगिकी संस्थान बौन

देहरादून। प्रौद्योगिकी संस्थान, बौन उत्तरकाशी के रूप में उत्तराखंड को एक और इंजीनियरिंग कॉलेज मिल गया है। यह इंजीनियरिंग कॉलेज वीर माधो सिंह भंडारी उत्तराखंड प्रौद्योगिकी विवि (यूटीयू) के कैंपस संस्थान के रूप में संचालित होगा। नए सत्र से यह संस्थान दो कोर्स के साथ शुरू होगा।

जीबीपीआईईटी घुड़दौड़ी, पौड़ी गढ़वाल के कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग विभाग के प्रोफेसर डॉ. एचएस भदौरिया को इस कॉलेज में प्रभारी निदेशक बनाया गया है। डॉ. भदौरिया ने एक जून को ही पदभार संभाला है। उन्होंने विवि के कुलपति प्रोफेसर ओंकार के साथ संस्थान का निरीक्षण किया। इस दौरान कुलसचिव डॉ. सत्येंद्र सिंह भी मौजूद रहे।

02 **कोर्स शुरु होंगे, यूटीयू के कैंपस संस्थान के रुप में किया जाएगा संचालित**

प्रोफेसर ओंकार सिंह ने बताया कि जुलाई से कॉलेज में नया सत्र शुरू हो जाएगा। इस दौरान कॉलेज में बीटेक कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग कोर्स 120 सीटों के साथ और बीटेक कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग, आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस एंड मशीन लर्निंग कोर्स 60 सीटों के साथ शुरू होगा। इसमें प्रवेश के लिए 12 जून से ऑनलाइन काउंसिलिंग प्रक्रिया शुरू करने की तैयारी हो रही है।

कुलपति ने कार्यदायी संस्था-उत्तर प्रदेश राजकीय निर्माण निगम लिमिटेड के अधिकारियों को दो ब्लॉकों के अधूर-पड़े कार्य जून के अंतिम सप्ताह तक पूरा करने के निर्देश दिए हैं। कुलपति ने बताया कि कॉलेज के निर्माणाधीन भवन में पांच ब्लॉक तैयार होने हैं, जिसमें से दो ब्लॉक वर्तमान में लगभग तैयार हैं। मा.सि.रि